लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद,हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

कार्तिक शुक्ल पक्ष, रात्री 7.30 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2079

अमृत विचार

वर्ष 3, अंक 353, पृष्ठ 16, मूल्य: 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

बरेली, गुरुवार , 3 नवंबर 2022

www.amritvichar.com

Page No : 05 BOTTOM

बिना सर्जरी धागे से होती है चेहरे की ढीली त्वचा टाइट

- एसआरएमएस मेडिकल कालेज में डर्मेटोलाजी विभाग ने की क्यूटिशाप वर्कशाप

अमृत विचार, बरेली

एसआरएमएस मेडिकल कालेज में डर्मेटोलॉजिस्ट डिपार्टमेंट की क्यूटिशाप वर्कशाप में स्किन स्पेशलिस्ट डा .इंदू बल्लानी को स्मृति चिह्न देते कॉलेज के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति।

एसआरएमएस मेडिकल कालेज में बुधवार को डर्मेटोलाजी विभाग की ओर से चेहरे की ढीली त्वचा को टाइट करने के संबंध में क्यूटिशाप वर्कशाप 2022 आयोजित हुई। इस मौके पर स्किन स्पेशलिस्ट डा. इंदू बल्लानी और डा. मृगांका मेहरा ने बताया कि चेहरे की त्वचा को टाइट करने के लिए बोटाक्स का इस्तेमाल किया जाता है। इसे सर्जरी के जरिये त्वचा में इंजेक्ट किया जाता है। यह कष्ट प्रद और खर्चीली प्रक्रिया है।

इसके स्थान पर अब नान सर्जिकल प्रोसेस की ओर लोगों का रुझान बढ़ रहा है। जिसमें धागे का इस्तेमाल होता है। धागे को निडिल के जरिये त्वचा में डाला जाता है और उसे खींच कर ढीली त्वचा को टाइट कर दिया जाता है। इसमें मरीज को पीड़ा भी कम होती है और खर्च भी अमूमन कम आता है। इससे पहले सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम आरंभ हुआ। डर्मेटोलाजी विभाग के अध्यक्ष और वर्कशाप के आर्गनाइजिंग चेयरपर्सन डा. प्रतीक गहलोत ने सभी का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि रुहेलखंड रीजन में डर्मेटोलाजी की इस तरह की यह पहली वर्कशाप हो रही है। कालेज प्रिंसिपल डा. एसबी गुप्ता ने मेडिकल कालेज की उपलब्धियों के बारे में बताया। मेडिकल कालेज के डायरेक्टर आदित्य मूर्ति ने कहा कि कोविड महामारी के दौर में वर्चुअल वर्कशाप आयोजित हो रही थीं, लेकिन फिजिकल वर्कशाप का अपना विशेष महत्व है। स्किन स्पेशलिस्ट डा. मधुर कांत रस्तोगी ने सभी का आभार जताया। मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डा. आरपी सिंह, डिप्टी मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डा. सीएम चतुर्वेदी, डीन पीजी डा. रोहित शर्मा, डा. अमर सिंह, सभी विभागाध्यक्ष और डर्मेटोलाजी के विद्यार्थी उपस्थित रहे।